प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 07.12.2025
समय : 09:00 ए.एम.

- सरकार ने विमानन कंपनी इंडिगो को रद्द और बाधित उड़ानों के सभी रिफंड यात्रियों को आज रात 8 बजे तक पूरा करने के निर्देश दिए।
- आज सशस्त्र सेना झण्डा दिवस–मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जयपुर में मैराथन को रवाना किया।
- राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालयों–एनएलयू में प्रवेश के लिए आज क्लेट परीक्षा आयोजित की जा रही है।
- राज्य में सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ का असर दो–तीन दिन बने रहने की संभावना–हालांकि न्यूनतम तापमान में बढोतरी से शीतलहर से राहत के आसार।

सरकार ने विमानन कंपनी इंडिगो को रद्द और बाधित उड़ानों के लिए यात्रियों के सभी लंबित रिफंड तत्काल जारी करने का निर्देश दिया है। नागर विमानन मंत्रालय ने आदेश दिया है कि ये रिफंड आज रात 8 बजे तक पूरा हो जाना चाहिए। इंडिगो की उड़ानें बड़ी संख्या में रद्द किए जाने के बाद यह निर्देश जारी किया गया है। वहीं डीजीसीए ने इंडिगो को नोटिस जारी कर बडे पैमाने पर उड़ाने रद्द होने को लेकर 24 घंटे के अंदर जवाब देने को कहा है। इंडिगो के मुख्य कार्यकारी अधिकारी पीटर एल्बर्स और एकाउंटेबल मैनेजर इसीड्रो पोर्क्यूरस को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। उड़ानें रद्द होने से यात्रियों को काफी परेशानी हो रही है। डीजीसीए ने इस संकट के लिए विमानन कम्पनी को जिम्मेदार ठहराया है। नोटिस में कहा गया है कि बड़े पैमाने पर उड़ान रद्दीकरण से कंपनी के संसाधन प्रबंधन में बड़ी चूक का पता चलता है।

गोआ के अरपोरा के एक नाइट क्लब में कल देर रात लगी भीषण आग में 25 लोगों की मौत हो गई। मृतकों में अधिकतर क्लब के कर्मचारी है। हादसे में चार पर्यटकों ने भी जान गवाई हैं वहीं छह लोग घायल हुए हैं। दुर्घटना का कारण गैस सिलेण्डर फटना बताया जा रहा है। लोगों की मौत दम घुटने से हुई। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया है और शोक संतप्त परिवारों को इस कठिन समय में शक्ति प्रदान करने की कामना की है। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी संवेदनाएँ अपने प्रियजनों को खोने वाले लोगों के साथ हैं। उन्होंने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

आज सशस्त्र सेना झण्डा दिवस है। ये दिन देश के लिए अपना सर्वस्व बलिदान करने वाले सैनिकों को श्रद्धाजंलि देने और उनके परिजनों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने को समर्पित है। इस दिन सैनिकों के कल्याण के लिए अंशदान संग्रह करने के लिए झंडे के प्रतीक वितरित किए जाते है। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने सशस्त्र सेना झण्डा दिवस पर राष्ट्र के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले शहीदों का स्मरण करते हुए श्रद्धा–सुमन अर्पित किए है। उन्होंने इस अवसर पर सैनिको और शहीदों के परिजनों के कल्याण के लिए सभी से सामर्थ्य अनुसार सहयोग करने की अपील की। सेना की दक्षिण पश्चिम कमान की ओर से जयपुर में मैराथन रखी गई। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने इसे अल्बर्ट हॉल से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर श्री शर्मा ने कहा कि भारतीय सेना दुनिया की सबसे मजबूत सेनाओं में से एक है। पूरा देश उनके साहस और निस्वार्थ सेवा की सराहना करता है।

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला आज एकदिवसीय प्रवास पर कोटा पंहुचेंगे। श्री बिरला कई कार्यक्रमों में शामिल होंगे। वे क्षेत्रवासियों से मुलाकात करेंगे। वहीं शाम को उनका महर्षि दत्तात्रेय जयंती समारोह, वरिष्ठजन सम्मान और अन्नकूट महोत्सव में भाग लेने का कार्यक्रम है।

केन्द्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव ने कल खैरथल तिजारा के किशनगढबास में 125 करोड़ रूपये से अधिक के विकास कार्यो का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इनमें सड़क निर्माण, सामुदायिक सुविधाएं, गौशाला और स्टेडियम विकास सहित कई काम शामिल है। इस मौके पर श्री यादव ने कहा कि सरकार बुनियादी सुविधाओं के विस्तार और सामाजिक न्याय के लिए लगातार काम कर रही है।

जयपुर में औषधि नियंत्रण आयुक्तालय ने एक नकली दवा विक्रेता फर्म पर कार्यवाही करते हुए 3 करोड़ 73 लाख रूपये की दवाईयां जब्त की है। आयुक्त डॉ. टी शुभमंगला ने बताया कि ये फर्म गैर मानक घोषित विनसेटएल और एल्गीविन दवाई की बिक्री में लिप्त पाई गई। ये दवाईयां हिमाचल प्रदेश की एक कंपनी द्वारा बनी हुई थी। उन्होंने बताया कि फर्म के खिलाफ बिना लाईसेंस के औषधीय गतिविधियां चलाने का मामला दर्ज किया गया है।

आज क्लेट परीक्षा आयोजित की जा रही है। ये परीक्षा देश के 26 राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालयों एनएलयू में यूजी और पीजी कोर्सेज में प्रवेश के लिए हो रही है। इसके लिए देशभर में 89 शहरों में 157 परीक्षा केन्द्र बनाये गये है। इसमें पहली बार ओएमआर शीट की तीन कॉपियां दी जायेगी। प्रदेश में जयपुर, जोधपुर और कोटा में परीक्षा केन्द्र बनाये गये है। इनमें 5 हजार से अधिक अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। ये परीक्षा दोपहर 2 बजे से 4 बजे तक होगी।

राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर से आज से असिस्टेंट प्रोफेसर–कॉलेज शिक्षा के लिए भर्ती परीक्षा आयोजित की जा रही है। 30 विषयों में पांच सौ चौहत्तर पदो के लिए ये परीक्षा सातों संभाग मुख्यालय के 298 केन्द्रों पर होगी। आयोग के सचिव रामनिवास मेहता ने बताया कि इस परीक्षा के लिए लगभग 92 हजार 600 अभ्यर्थियों ने पंजीकरण करवाया है। पहले दिन सामान्य ज्ञान की परीक्षा दोपहर बारह से दो बजे तक एक पारी में होगी। वहीं ऐच्छिक विषयों की परीक्षा आठ से बीस दिसंबर 2025 तक रोजाना दो पारियों में होगी।

राज्य में सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से अगले दो–तीन दिन तक कुछ भागों में बादल छाये रहने की संभावना है। इससे न्यूनतम तापमान में 2 से 3 डिग्री की बढोतरी होने और शीतलहर से राहत मिलने के आसार है। इस बीच बीते 24 घंटों में 20 शहरों में रात का पारा 10 डिग्री सैल्सियस से नीचे दर्ज हुआ। करौली, दौसा, सिरोही, नागौर, चूरू, सीकर, अलवर में तेज सर्दी का असर बना हुआ है। करौली से हमारे संवाददाता ने बताया कि कडाके की सर्दी से बचाव के लिये नगर परिषद की ओर से बेसहारा लोगों के लिए रेन बसेरों की व्यवस्था की गई है।

भरतपुर, सवाईमाधोपुर और पाली सहित कई स्थानों पर सर्द हवाओं से ठिठुरन बनी हुई है और कोहरा छाये रहने से यातायात धीमा बना हुआ है। कोहरे के कारण रेल यातायात भी प्रभावित होने लगा है। कई ट्रेने देरी से चल रही है।

झुंझुनूं के नवलगढ में इन दिनों लोगों को घोड़ो का रोमांच देखने को मिल रहा है। नवलगढ में घुडसवारी की राष्ट्रीय एंड्रयोरेंस प्रतियोगिता कल शुरू हुई। इसमें राजस्थान, गुजरात और महाराष्ट्र सहित विभिन्न राज्यों के 100 से अधिक घोडे शामिल हो रहे है।